पंजाब केसरी 18/09/2024

# बलजिंदर ने जीती गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज की स्लो साइक्लिंग रेस

## » अर्पित ने दूसरा एवं वरुण कश्यप ने तीसरा स्थान किया हासिल

गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में आयोजित स्लो साइक्लिंग रेस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी। (देवदत्त)

अम्बाला, 17 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में शारीरिक शिक्षा विभाग और एस.डी.जी. क्लब ने संयुक्त रूप से मंगलवार को स्लो साइक्लिंग रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन डा. कृष्ण पूनिया और एस.डी.जी. क्लब की प्रमुख डा. अमिता ने किया। प्रतियोगिता में आठ विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिनमें प्रथम स्थान पर बलजिंदर रहे तो अर्पित ने दूसरा स्थान एवं वरुण कश्यप ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतिभागी विद्यार्थियों ने साइक्लिंग के माध्यम से स्वास्थ्य और पर्यावरण के महत्व को साझा किया।

इस अवसर पर डा. कृष्ण पूनिया ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को स्वास्थ्यपूर्ण जीवन शैली की ओर प्रेरित किया जा सकता है। एस.डी.जी. क्लब की सदस्या डा. अमिता ने कहा कि इस प्रतियोगिता के द्वारा विद्यार्थियों में साझेदारी, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को साइक्लिंग के महत्व पर गहरी जागरुकता भी मिली है।

इस अवसर पर जनसंचार विभाग की प्राध्यापिका सुषमा शर्मा, नरेश कुमार एवं संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।